पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल ने शहीद दिवस पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की</u>

<u>श्रद्धांजलि अर्पित करने जी0पी0ओ0 भी गये राज्यपाल</u>

<u>कुष्ठ पीड़ितों को आवास देने की योजना के लिये राज्य सरकार का अभिनन्दन किया</u>

लखनऊः 30 जनवरी, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने शहीद दिवस के अवसर पर आज राजभवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा व चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन धारण किया। इस अवसर पर भातखण्डे संगीत संस्थान अभिमत विश्वविद्यालय, लखनऊ के कलाकारों द्वारा बापू के प्रिय भजन व रामधुन प्रस्तुत किये गये। श्रद्धांजलि सभा में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री हेमन्त राव सहित राजभवन के समस्त अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

राज्यपाल ने देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 से स्वतंत्रता प्राप्ति तक शहीद होने वाले सभी ज्ञात एवं अज्ञात शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि महात्मा गांधी का परिनिर्वाण दिवस पूरे देश में शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। महात्मा गांधी से प्रेरणा प्राप्त करके हमें स्वच्छता, ग्राम्य विकास, स्वदेशी को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। महात्मा गांधी ने ऐसे समाज की कल्पना की थी जिसमें हर व्यक्ति सुख-समृद्ध हो तथा कहीं भी भ्रष्टाचार न हो और देश स्वावलम्बी बने। महात्मा गांधी का सपना था कि देश में रामराज जैसी सरकार हो। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने के लिये त्याग और समर्पण की भावना से कार्य करना होगा।

श्री नाईक ने कहा कि यह संयोग है कि आज का दिन 'विश्व कुष्ठ निवारण दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है। कुष्ठ सेवा परमात्मा की सेवा है। महात्मा गांधी ने कुष्ठ सेवा को अपना ध्येय बनाया था। वास्तव में कुष्ठ पीड़ित समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति से भी नीचे खड़े होते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं ग्राम्य विकास मंत्री डाॅ0 महेन्द्र सिंह का अभिनन्दन करते हुये राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार ने 3,791 कुष्ठ पीड़ितों को चिन्हित करके 'मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण' के अंतर्गत उन्हें पक्के आवास देने का निर्णय किया है जिस पर रूपये 46 करोड़ का व्यय आयेगा। दो वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने उनके सुझाव पर कुष्ठ पीड़ितों को रूपये 2,500 का निर्वहन भत्ता देने का निर्णय लिया था। राज्यपाल ने कहा कि 'मुझे समाधान है कि मुझे भी कुष्ठ रोगियों के लिये कार्य करने का अवसर मिला और आज भी हर संभव प्रयास करता हूँ।'

अपर मुख्य सचिव श्री हेमन्त राव ने महात्मा गांधी को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुये कहा कि महात्मा गांधी का दर्शन सत्य और अहिंसा पर आधारित है। हिंसा का समाज में कोई स्थान नहीं है। महात्मा गांधी के साथ दक्षिण अफ्रीका में टेªन से यात्रा करते समय जो नस्ली भेदभाव की घटना हुई वह देश की आजादी के लिये सूत्रधार बनी। महात्मा गांधी ने भेदभाव

रहित, गरीबी मुक्त एवं स्वावलम्बी देश का सपना देखा था। उन्होंने कहा कि गांधी जी के दिखाये रास्ते पर चलें यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इससे पूर्व राज्यपाल श्री राम नाईक एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जी0पी0ओ0 पार्क जाकर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा श्रद्धांजलि सभा में प्रतिभाग किया।

अंजुम/ललित/राजभवन (34/34)